आई0ए0एस0
प्रबन्ध निदेशक

(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
शक्ति भवन, 14- अशोक मार्ग, लखनऊ -01
दूरभाष - (0522) 2288377 (का0)
फैक्स - (0522) 2288410
ई-मेल : **mduppcl12@gmail.com**

पत्रांक: 1038/सीएमयूडी/ट्रिपिंग सेल/2019 दिनांक: 26 अप्रैल, 2019

विषय: <u>11 केवी फीडरों पर लगे मॉडमों की कार्यशीलता की कार्ययोजना के सम्बन्ध में।</u>

प्रबन्ध निदेशक
मध्यांचल/पश्चिमांचल/पूर्वांचल/दक्षिणांचल,
विद्युत वितरण निगम लि0,
लखनऊ/मेरठ/वाराणसी/आगरा।
<u>केस्को-कानपुर।</u>

महोदय,

अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के पत्र सं0-136/पीएससीएच/पाकालि दि0 18.04.2019 (छायाप्रति संलग्न) के सन्दर्भ में आप संज्ञानित होंगे कि उ0प्र0 पा0का0लि0 द्वारा 11 के0वी0 फीडरों की ट्रिपिंग के अनुश्रवण हेतु एक डैश-बोर्ड का निर्माण किया गया है। इस डैश-बोर्ड पर 168 RAPDRP शहरों (जिसमें 16 नगर निगम क्षेत्र एवं नोएडा भी सम्मिलित हैं) एवं 468 IPDS नगरों के 11 केवी फीडरों का डाटा प्रदर्शित होना है। परन्तु यह चिन्ता का विषय है कि वर्तमान में RAPDRP नगरों में लगभग 60 प्रतिशत से कम एवं IPDS शहरों में 94 प्रतिशत फीडरों का डाटा उपलब्ध हो रहा है। पूर्व में इस सम्बन्ध में प्रेषित पत्र दि0 26.09.2019 एवं दि0 04.4.2019 का संदर्भ भी ग्रहण करें, जिसमें उन फीडरों जिनपर डाटा नहीं प्राप्त हो रहा है, की तालिका भेजी गई थी। अतः इस सम्बन्ध में निम्न कार्यवाही आपके स्तर पर त्वरितगति से की जानी है (जिसकी विस्तृत कार्ययोजना संलग्न है):-

1. कृपया अपने डिस्काम में मॉडम के अनुरक्षण हेतु वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध (AMC) कर लें।
2. कृपया अपने डिस्काम में निदेशक तकनीकी के अधीन एक **"24x7 आपूर्ति सेल"** का गठन शीघ्र कर लें जिसमें मुख्य अभियन्ता (वाणिज्य) नोडल होंगे एवं उनके अधीन अधीक्षण अभियन्ता (आई0टी0), अधीक्षण अभियन्ता (वाणिज्य) एवं अधीक्षण अभियन्ता (सामग्री प्रबन्ध) कार्यरत होंगे। इसी प्रकार वितरण मण्डलों में अधीक्षण अभियन्ता (वितरण) नोडल अधिकारी होंगे, जिनके अधीन तकनीकी कार्यकलापों हेतु अधिशासी अभियन्ता (परीक्षण) एवं सहायक अभियन्ता (IT) उत्तरदायी होंगे।
3. RAPDRP शहरों में बचे हुये नये 33/11 केवी उपकेन्द्रों के 11 केवी आउटगोइंग फीडरों को ट्रिपिंग डैश-बोर्ड पर लाने का कार्य (Change Management)।

अतः अनुरोध है कि आवश्यक कार्यवाही करते हुये कृत कार्यवाही से इस कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथा उपरोक्त।

भवदीया,

(अपर्णा यू0)
<u>प्रबन्ध निदेशक</u>

प्रतिलिपि:
1. निदेशक (वितरण), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 शक्ति भवन, लखनऊ।
2. निदेशक (वाणिज्य), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 शक्ति भवन, लखनऊ।
3. निजी सचिव, [illegible]

(10)